तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 1 अप्रैल 2026

11 धूमधाम से मनाया गया भगवान महावीर जयंती का पर्व

12 गेहूं की खरीद प्रक्रिया आज से हो सकती है शुरू


## खबर संक्षेप

### शराब तस्करी का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-3 की पुलिस टीम ने अवैध शराब तस्करी के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान अनिल गांव माहरा के रूप में हुई है। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार 23 फरवरी 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर जठेड़ी रोड पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान दो गाड़ियां बिना नंबर प्लेट के आती दिखाई दीं। पुलिस के रुकने के इशारे पर चालक गाड़ियां छोड़कर भागने लगे, जिनमें से एक को मौके पर काबू कर लिया गया था। तलाशी के दौरान गाड़ियों से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई थी। इस मामले में पहले ही दो आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका था।

### कार की टक्कर से रोडवेज कर्मी घायल

**गोहाना।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से रोडवेज कर्मी घायल हो गया। चालक कार के साथ फरार हो गया। राहगीरों ने उसे उठाकर भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल पहुंचाया। सदर थाना में केस दर्ज किया गयागांव गुमाना का अशोक बाइक पर समालखा से अपने गांव लौट रहा था। जब वह गांव बिधल से भैसवाल रोड होते हुए सोनीपत-गोहाना हाईवे के फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर पहुंचा तो सोनीपत की तरफ से तेज रफ्तार में आई होंडा अमेज कार ने बाइक को टक्कर मार दी।अशोक के अनुसार कार चालक ने अपनी पहचान रोहतक के रोबिन के रूप में बताई।

### फायरिंग व जानलेवा हमला करने वाला काबू

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र में फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान हरिओम निवासी गांव रायपुर के रूप में हुई है। उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार यह मामला पैसों के लेन-देन से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके भाई ने एक मकान निर्माण का कार्य पूरा किया था, जिसके बदले करीब 1.60 लाख रुपये मिलने थे। भुगतान को लेकर विवाद बढ़ गया। 14 मार्च 2026 की शाम आरोपित पक्ष ने गाली-गलौज और मारपीट की। बाद में रात करीब 9:45 बजे कई गाड़ियों में सवार होकर आरोपित हथियारों के साथ पहुंचे और हमला कर दिया। आरोप है कि एक आरोपित ने पिस्तौल से फायर भी किए, जबकि अन्य ने डंडों और अन्य हथियारों से मारपीट की। हमले में कई लोग घायल हुए। पुलिस ने पहले ही एक अन्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था।

# निजी स्कूलों में दाखिले की डगर मुश्किल री-एडमिशन के नाम पर हो रही 'वसूली'

**नामी स्कूलों में एडमिशन के नाम पर हजारों का खर्च कई में बच्चों के प्रवेश पर 1 लाख रुपये तक मांगे जा रहे**

**री-एडमिशन से लेकर भवन रखरखाव, किताब, वर्दी परिवहन सुविधा सहित विभिन्न फंडों की वसूली जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एजुकेशन सिटी के नाम से विख्यात सोनीपत के निजी स्कूलों में इन दिनों बच्चों का दाखिला (री-एडमिशन) करवाना अभिभावकों के लिए मुश्किल डगर बना हुआ है। दाखिले के नाम पर अभिभावकों की जेबों पर डाका डाला जा रहा है। जिलाभर के नामी स्कूलों में दाखिले के नाम पर हजारों रुपये खर्च कर करवाए जा रहे हैं। कई स्कूलों में दाखिले के नाम पर 1 लाख रुपये तक की लूट है। इन निजी स्कूलों की मनमानी का सिलसिला री-एडमिशन से शुरू होकर भवन रखरखाव, किताब, वर्दी, परिवहन सुविधा सहित विभिन्न फंडों की वसूली तक जारी है। उधर शिक्षा विभाग निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर अब तक शिकायतें मिलने को प्रतीक्षारत है। सोनीपत में करीब 591 निजी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। नए शैक्षणिक सत्र के दौरान भी अधिकतर निजी स्कूलों में री-एडमिशन के साथ फीस बढ़ोतरी कर अभिभावकों की जेबों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।

हालांकि नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दाखिलों की तैयारी में जुटे जिलाभर के निजी स्कूलों के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निदेशालय की सख्त हिदायत है कि सभी निजी स्कूलों को एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से 31 मार्च तक फार्म-6 जमा करवाना अनिवार्य है। इसके बाद ही स्कूल संचालक फीस की बढ़ोतरी कर सकते हैं, लेकिन सभी स्कूलों ने निर्देशों पर संज्ञान नहीं लिया है। नए सत्र में दाखिले के नाम पर हजारों रुपये की वसूली जारी है।


सोनीपत। गीता भवन चौक स्थित दुकान पर किताबें खरीदने के लिए लगी अभिभावकों की भीड़।

### अलग से चार्ज लेना नियमों के खिलाफ

निजी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी से लेकर री-एडमिशन के नाम पर अलग से चार्ज लेना नियमों के खिलाफ है। अगर बच्चा पहले से उसी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहा है, तो री-एडमिशन फीस लेना गलत है। विद्यालय शिक्षा निर्देशालय ने मान्यता प्राप्त सभी निजी स्कूलों को संबंधित निर्देश जारी किए हैं। फीस बढ़ोतरी के लिए भी पहले विभाग को सूचित करना अनिवार्य है। अगर कहीं नियमों की अवहेलना हो रही है, तो अभिभावक शिकायत कर सकते हैं। शिकायत के आधार पर ही शिक्षा विभाग आगामी कार्रवाई अमल में ला सकता है।
-**अनिल वर्मा**, खंड शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### स्कूलों के खिलाफ शिकायत देने से कतरा रहे अभिभावक

बच्चों के भविष्य को देखते हुए अभिभावक शिकायत करने से कतरा रहे हैं। कुछ अभिभावकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आजकल निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना एक व्यापार बन रहा है। शहर के अधिकतर नामी निजी स्कूल दाखिला फीस के अलावा भवन रखरखाव जैसे चार्ज के नाम पर 12 हजार से 50 हजार रुपये तक वसूल कर रहे हैं। इनमें ट्यूशन फीस, यातायात शुल्क, किताबें, वर्दी के खर्च को अलग-अलग निर्धारित किया गया है। अगर अभिभावक जिले के कुछ बड़े निजी स्कूलों में बच्चों का दाखिला करवाने की सोचते हैं, तो यह सभी चार्ज मिलाकर खर्चा 1 लाख तक पहुंच रहा है। प्ले-वे कक्षाओं में ही दाखिला 15 हजार के करीब पहुंच रहा है। इससे मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ रहा है।

### अभिभावक चिंतित, प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

अभिभावकों की प्रशासन से मांग है कि निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी पर नियंत्रण लगाया आवश्यक है। बिना हस्तक्षेप के कुछ निजी स्कूल मनमानी वसूली कर रहे हैं। स्कूल प्रबंधन बिना किसी निर्धारित प्रक्रिया के हर वर्ष फीस में बढ़ोतरी कर रहे हैं। कई स्कूलों में री-एडमिशन को अनिवार्य कर दिया गया है। बच्चों के भविष्य के लिए चिंतित अभिभावक मजबूरीवश यह राशि चुकाने को मजबूर हैं। शिक्षा विभाग के नियमानुसार फीस बढ़ाने से पहले स्कूलों को सूचित करना अनिवार्य है, लेकिन कई स्कूलों में नियमों की अवहेलना जारी है।

### सुविधाओं में नहीं खास सुधार, फिर भी फीस बढ़ाने का खेल

शहर के निजी स्कूल में दो बच्चों का कक्षा तीसरी व छठी में दाखिला करवाने आए अभिभावकों ने बताया कि हर वर्ष मनमाने तरीके से फीस बढ़ोतरी कर दी जाती है, लेकिन सुविधाओं में कोई खास सुधार नजर नहीं आता है। यह शिक्षा के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। एक तरफ जहां री-एडमिशन के नाम पर वसूली का खेल खेला जा रहा है, जबकि इसका कोई प्रावधान नहीं है। हर वर्ष हजारों रुपये खर्च होने से बच्चों को पढ़ाना मुश्किल हो रहा है, लेकिन प्रशासन कोई ठोस कदम न उठाकर अनजान बना है। अभिभावकों की मांग है कि स्कूलों में दाखिले को लेकर पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए। स्कूलों के फीस व री-एडमिशन चार्ज बढ़ाने से अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।

# ट्रेडिंग का झांसा देकर 27.39 लाख की ठगी

■ पुलिस ने दिल्ली के दो युवकों को पकड़ा


सोनीपत। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

**सोनीपत।** जिले में ऑनलाइन फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर बड़ी साइबर ठगी का मामला सामने आया है। सोनीपत पुलिस की साइबर थाना टीम ने करीब 27.39 लाख रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपितों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 2.55 लाख रुपये की राशि बैंक खातों में फ्रीज करवा ली है, जबकि 1200 रुपये नगद भी बरामद किए गए हैं। थाना साइबर सोनीपत की टीम ने इस मामले में कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विक्की निवासी रोहिणी दिल्ली और लाला तेंदु उर्फ अजय निवासी उत्तम नगर दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कुंडली निवासी मनीष ने 15 अक्टूबर 2025 को शिकायत दी थी कि उसे 23 अगस्त को व्हाट्सएप पर एक संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें खुद को एक विदेशी ट्रेडिंग कंपनी का सदस्य बताकर अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर निवेश का झांसा दिया गया। शुरुआत में आरोपितों ने लगातार चैट और कॉल के माध्यम से उसे भरोसे में लिया और ट्रेडिंग वॉलेट में पैसे जमा कराने के लिए प्रेरित किया। शिकायतकर्ता ने आरोपितों द्वारा भेजे गए लिंक के माध्यम से अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर की और कुछ राशि नगद भी जमा कराई। आरोपित हर ट्रांजैक्शन का स्क्रीनशॉट भी मांगते रहे। बाद में जब पीड़ित ने पैसे निकालने की कोशिश की तो उसका ट्रेडिंग अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया और उससे और अधिक निवेश करने का दबाव बनाया जाने लगा। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपितों को दिल्ली से काबू किया। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद आरोपितों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। सोनीपत पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, कॉल या निवेश योजना पर भरोसा न करें। किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें।

# पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम बूंदाबांदी ने बढ़ाई किसानों की चिंता

अप्रैल के पहले सप्ताह तक राहत नहीं, कटाई पर पड़ सकता है असर

**सोनीपत।** मार्च के आखिरी दिनों में मौसम ने अचानक करवट लेकर लोगों को चौंका दिया है। दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर मंगलवार को लगातार दूसरे दिन सोनीपत में देखने को मिला। दिनभर उमस और तेज धूप से बेहाल रहे लोगों को शाम होते-होते राहत मिली, जब काले बादलों ने आसमान को घेर लिया और गरज-चमक के साथ रुक-रुककर बूंदाबांदी शुरू हो गई। हालांकि इस बदले मौसम ने जहां आमजन को सुकून दिया, वहीं खेतों में खड़ी फसलों को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। मंगलवार सुबह साफ मौसम के साथ तेज धूप निकली, जिससे अधिकतम तापमान 32 डिग्री के पार पहुंच गया। वातावरण में करीब 70 प्रतिशत उमस दर्ज की गई, जिससे दिनभर गर्मी का असर बना रहा। शाम के समय अचानक मौसम बदल गया और ठंडी हवाओं के साथ बूंदाबांदी ने मौसम को सुहावना बना दिया। न्यूनतम तापमान गिरकर करीब 16 डिग्री तक पहुंच गया, जिससे रात के समय हल्की ठंडक महसूस की गई।



### सप्ताह तक मौसम में उतार चढ़ाव बना रहेगा

उत्तर पर्वतीय क्षेत्रों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर मैदानी इलाकों में दिख रहा है। अप्रैल के पहले सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा और बीच-बीच में बूंदाबांदी होती रहेगी। दो और सात अप्रैल को नए विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिससे मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। किसानों को मौसम को देखते हुए ही कटाई करनी चाहिए।
-**डा. प्रेमदीप**, मौसम विज्ञानी, केवीके

### मंडियों में रखी सरसों भीगी, किसानों को नुकसान होगा

बरसात का असर अनाज मंडियों में भी दिखाई देने लगा है। खुले में रखी सरसों की फसल भीग गई है, जिससे नमी बढ़ने के कारण खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। किसानों को डर है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो उनकी फसल की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। बेवक्त हुई बूंदाबांदी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जिले में करीब 1.50 लाख हेक्टेयर में गेहूं और 10,600 एकड़ में सरसों की फसल खड़ी है। किसान इस समय कटाई में जुटे हुए हैं, लेकिन फसल में पहले से मौजूद नमी के कारण काम धीमा चल रहा था। अब बारिश के कारण कटाई और प्रभावित हो गई है। खेतों में कटी फसल के भीगने से नुकसान की आशंका बढ़ गई है।

# महाबीर कॉलोनी से लाखों की चोरी करने का आरोपी पकड़ा

**खरखौदा।** लाखों रुपए की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चुराने वाले वाले को पुलिस ने 24 घंटे में आभूषणों व नकदी सहित पकड़ने में सफलता पाई है। पाई निवासी हितेश हाल-फिलहाल, महाबीर कॉलोनी, खरखौदा में रह रहा है। उसने पुलिस को दी सूचना में बताया था कि 29 मार्च को वह और उसका भाई हिमांशु ग्यारह बजे घर पर ही थे और अपने घर के चौबारे में सो रहे थे। वहीं उनकी माता बेबी पड़ोस के मकान में गई हुई थी। इस बीच वह बाहर मेन गेट की कुडी लगाकर गई थी। घर लौटी तो उन्हें मुख्य द्वार खुला मिला और घर की लॉबी में लगा डीवीआर भी गायब मिला। सारा सामान भी बिखरा हुआ था। उनकी मां मंदिर वाले कमरे में गई और मंदिर के नीचे बने लॉकर को चेक किया तो उसके अन्दर से 720000 रुपये, एक सोने की चैन,



4 सोने की अंगुठी, 1 सोने की लोकेट, 3 जोड़ी बाले सोने के कुल 1.5 तोले के एक नथ 20 ग्राम की सोने की और 5 पाजेब कुल 1 किलो की थी, चांदी के 2 हथफूल, 4 चार जोड़ी चुटकी 20 ग्राम को कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए, खरखौदा थाना प्रभारी पवन मलिक ने एएसआई प्रदीप की अगुवाई में मुख्य सिपाही सुदीप व मुख्य सिपाही विकास की एक टीम गठित की। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के आरोप में थाना कलां निवासी शेखर उर्फ आशीष को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की बहन खरखौदा की महावीर कॉलोनी में ही रहती हैं।

# गोरड के पास कार ने बाइक को टक्कर मारी, दंपति घायल

■ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों पीजीआई रेफर

■ कार चालक पर केस दर्ज

**खरखौदा।** गोरड गांव के पास ड्रेन नंबर 8 पर एक कार व मोटरसाइकिल की टक्कर में दम्पति घायल हो गया। मोनू ने बताया कि वह अपनी पत्नी आरती के साथ मोटरसाइकिल पर गांव गोरड जा रहे थे। जब वे ड्रेन नंबर 8 पुल के पास पहुंचे तो सामने से आ रही एक कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों बुरी तरह घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें खरखौदा के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें पीजीआई रोहतक इलाज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**40 करोड़ राजस्व जुटाने का था लक्ष्य, 14.53 करोड़ की हुई वसूली**

# नगर निगम अब 18 प्रतिशत जुर्माने के साथ वसूल करेगा बकाया गृहकर, 3 अप्रैल को खुलेगा पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ मंगलवार आखिरी दिन 48 लोगों ने 2.34 लाख रुपये करवाए जमा

रेलवे रोड स्थित नगर निगम कार्यालय में गृहकर जमा करवाने का अंतिम दिन रहा। महावीर जयंती के अवसर पर सरकारी अवकाश होने के बावजूद वित्त वर्ष के अंतिम दिन गृहकर जमा कराने वाले प्रॉपर्टी मालिकों की सुविधा के लिए नगर निगम कार्यालय खुला रहा। मंगलवार को 48 लोगों ने कार्यालय पहुंचकर गृहकर जमा करवाया। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम दिन 2.34 लाख रुपये गृहकर जमा कराया गया। नगर निगम ने वित्त वर्ष में 40 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य दिया था, लेकिन निगम करीब 14.53 करोड़ रुपये ही जुटा पाया। अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों ने अब तक बकाया गृहकर जमा नहीं कराया है, उनसे अब 18 प्रतिशत जुर्माने के साथ गृहकर वसूल किया जाएगा। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के आदेशानुसार अब 1 व 2 अप्रैल का पोर्टल बंद रहेगा। 3 अप्रैल को पोर्टल पुनः खुलने के बाद प्रॉपर्टी मालिकों से 18 प्रतिशत ब्याज के साथ गृहकर वसूल किया जाएगा। लोगों को इसकी जानकारी देने के लिए नोटिस चस्पा दिया गया है। निगम क्षेत्र में 1.70 लाख प्रॉपर्टी हैं। इन प्रॉपर्टी मालिकों से निगम प्रशासन गृहकर वसूलता है। नगर निगम कार्यालय में अब तक प्रॉपर्टी मालिकों ने 14.53 करोड़ रुपये गृहकर जमा किया है।


सोनीपत। नगर निगम कार्यालय में अंतिम दिन गृहकर जमा करवाते शहरवासी।

### नए वित्त वर्ष में 10% छूट का ऑफर

शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने प्रतिवर्ष गृहकर जमा कराने वालों को 31 जुलाई तक 10 फीसदी छूट देने के आदेश जारी किए हुए हैं। निगम क्षेत्र में 1.70 लाख प्रॉपर्टी हैं, जिनमें आवास, फ्लैट्स, दुकान, व्यावसायिक भवन, सरकारी व अर्द्ध सरकारी भवन शामिल हैं। इन प्रॉपर्टी मालिकों से निगम प्रशासन गृहकर वसूल करता है। अगर प्रॉपर्टी मालिक नए वित्त वर्ष का गृहकर 31 जुलाई तक जमा करता है, तो उसे नए वित्त वर्ष के गृहकर पर 10 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी।

# नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, न्यायिक हिरासत में भेजा

**सोनीपत।** जिले के बहालगढ़ थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान आशु निवासी गांव डिडवाड़ी जिला पानीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 24 मार्च 2026 को एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिग बेटी को अज्ञात व्यक्ति अगवा कर ले गया है। इस पर बहालगढ़ थाना में भारतीय न्याय संहिता और किशोर न्याय अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान महिला उप निरीक्षक पूजा ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए पीड़िता के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करवाए। साथ ही महिला विशेषज्ञ और लीगल एड के माध्यम से काउंसलिंग भी कराई गई। पीड़िता के बयानों के आधार पर मामले में पोक्सो अधिनियम की धाराएं जोड़ी गईं। तकनीकी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपित को काबू किया। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे भी जांच जारी है और अन्य पहलुओं को खंगाला जा रहा है।

# शिकायत वापस न लेने पर युवक का अपहरण करने का प्रयास

■ पूर्व एएसपी पर आरोप, गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बहालगढ़ में एक परिवार को धमकाने, मारपीट करने और युवक को जबरन उठाने की कोशिश का गंभीर मामला सामने आया है। वेस्ट रामनगर निवासी उषा रानी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके बेटे को निशाना बनाकर अगवा करने का प्रयास किया गया, जबकि पूरे परिवार को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।शिकायत के अनुसार यह विवाद उस प्रकरण से जुड़ा है, जिसमें उषा रानी और उनके पति राजेंद्र सिंह, जो सेवानिवृत्त उप निरीक्षक हैं, ने एक पूर्व एसीपी के खिलाफ चंडीगढ़ स्थित स्टेट पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी में शिकायत दी थी। आरोप है कि इसी शिकायत को वापस लेने के लिए उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता ने बताया कि 14 नवंबर 2025 को उनका बेटा राकेश उर्फ धोला पहलवान बहालगढ़ में एक प्रॉपर्टी कार्यालय में मौजूद था। इसी दौरान कुछ युवक वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए राकेश को जबरन पकड़कर बाहर खींच लिया। आरोप है कि उसे कार में डालकर ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों के हस्तक्षेप से वह बच गया। घटना के बाद जाते समय आरोपितों ने परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। कहा गया कि यदि शिकायत वापस नहीं ली गई तो कुछ ही दिनों में पूरे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा और किसी को पता भी नहीं चलेगा। इसके बाद से परिवार में भय का माहौल बना हुआ है।

### फोन पर दी जा रही धमकियां पुलिस ने केस दर्ज किया

शिकायत में यह भी उल्लेख है कि 25 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच कई बार अलग-अलग फोन नंबरों से धमकी भरे कॉल किए गए। पीड़ित पक्ष का दावा है कि इन कॉल्स की रिकॉर्डिंग उनके पास मौजूद है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बहालगढ़ थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़ित परिवार ने प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।



# अजय ने नए प्रोजेक्ट का किया ऐलान सत्य घटना पर होगा आधारित

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच मंगलवार अजय ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान सोशल मीडिया पर किया है। अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट सत्य घटना पर आधारित होगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अजय देवगन और दानिश देवगन मिलकर करेंगे। इसका निर्देशन अंशुल कुमार शर्मा करेंगे। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी है कि यह एक फिल्म है या सीरीज। अजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने अगले प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए लिखा, 'हर किसी की एक सीमा होती है, उसकी तो पूरी दुनिया में फैल गई।' अजय ने यह भी बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट सच्ची घटनाओं से प्रेरित होगा। यह 2 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style



# कुब्रा
## खुशी है मुझे मारा नहीं गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कुब्रा सैत फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक और बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक लगातार काम कर रही हैं। वो कई बड़ी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री शाहिद कपूर की फर्जी 2 को लेकर चर्चाओं में हैं। शो में कुब्रा फिर नजर आएंगी।

इस बीच अभिनेत्री ने शो को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने फर्जी 2 को हां कहा था? एक बातचीत के दौरान कुब्रा ने बताया कि उन्होंने 'फर्जी 2' के लिए तुरंत हामी भर दी थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैंने सीजन एक और सीजन दो के लिए साइन कर लिया था। इसलिए, आपको इसे देखना ही होगा, मैं कसम खाती हूं। मेकर्स ने मुझे बताया कि वे सीजन दो के लिए एक किरदार लिख रहे हैं। मैंने कहा, 'ठीक है।' उन्होंने कहा, 'आपको पहले सीजन एक करना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' बस बात खत्म और कुछ सोचने की जरूरत नहीं थी। प्रोजेक्ट पर गर्व जताते हुए कुब्रा ने कहा कि शो जिस तरह से बना है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और मैं दूसरे सीजन के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मुझे मारा नहीं गया। मैंने लोगों को मारा, लेकिन मैं बच गई। मैं सीक्वल फिल्मों और उनसे जुड़ी उम्मीदों को लेकर कोई दबाव नहीं लेती। ये राज और डीके का काम है, सुमन कुमार का काम है और किशोर का काम है। उन्हें करने दीजिए। मैं इन बातों की चिंता नहीं करती। समय के साथ अपने नजरिए में आए बदलाव पर एक्ट्रेस ने कहा कि शायद जब मैं छोटी और अनुभवहीन थी, तब मैंने दबाव महसूस किया होगा, जब मुझे लगता था कि पूरी दुनिया मेरे इर्द-गिर्द घूमती है।

हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी की तीसरे पार्ट की शूटिंग खत्म

**लॉस एंजिल्स।** ड्वेन जॉनसन जिन्हें फैंस प्यार से 'द रॉक' भी बुलाते हैं। ड्वेन जॉनसन ने 'जुमानजी' की तीसरी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही ड्वेन ने 'जुमानजी 3' के सेट की कई बीटीएस तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा, 'मेरे पूरे कॅरियर में यह सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक था। 'मैं बहुत खुशकिस्मत वाला हूं कि पिछले 10 साल से ज्यादा समय तक इस बेहतरीन कास्ट के साथ काम करने का मौका मिला।



# तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए मिला नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** इंटीरियर्स, द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, द एज ऑफ इनोसेंस और सिक्स डिग्रीज ऑफ सेपरेशन जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी बेथ हर्ट का 79 साल की उम्र में निधन हो गया। मैरी बेथ हर्ट ने अपने लंबे कॅरियर में कई तरह की फिल्मों और सीरियल्स में काम किया। क्राइम्स ऑफ द हार्ट, ट्रेलावनी ऑफ द वेल्स और बेनेफैक्टर्स में उनके अभिनय के लिए उन्हें तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन मिला। उन्होंने द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, यंग एडल्ट, द एक्सोरसिज्म ऑफ एमिली रोज, द लेडी इन द वाट' जैसी फिल्मों में भी काम किया। अपने पति पॉल श्रैडर के साथ उन्होंने एफ्लिक्शन और लाइट स्लीपर जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया। टेलीविजन में उन्होंने 'लॉ एंड ऑर्डर' जैसी सीरीज में छोटी भूमिकाएं कीं।



# मिस वर्ल्ड 2026 का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मुंबई।** दुनिया के सबसे मशहूर ब्यूटी पेजेंट्स में से एक का काउंटडाउन अब शुरू हो चुका है। मिस वर्ल्ड 2026 का 75वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा शानदार होने वाला है। आयोजकों ने इस बात की जानकारी दी है कि पेजेंट का आयोजन कब और कहां होगा। मिस वर्ल्ड 2026 का ऐतिहासिक संस्करण वियतनाम में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 9 अगस्त को होगी और 5 सितंबर को एक समापन समारोह के साथ इसका अंत होगा। यह घोषणा मिस वर्ल्ड वियतनाम के समापन समारोह के दौरान जूलिया मोर्ले ने स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर की। इस साल भारत का प्रतिनिधित्व उज्जैन की फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल करेंगी। उन्होंने इसके लिए पहले ही अपना उत्साह जाहिर कर दिया है।



# मैं एक्टर नहीं हूं का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आगामी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ इस फिल्म में चित्रांगदा सतरूपा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर देखते हुए यह फिल्म किसी फिल्म से ज्यादा डॉक्यूमेंट्री जैसी लग रही है। प्रोड्यूसर आदित्य कृपलानी ने अपने यूट्यूब चैनल पर फिल्म का टीजर रिलीज किया है। साथ ही इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या कभी एक्टर बनने का सपना देखा है? 'मैं एक्टर नहीं हूं' फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सतरूपा लीड रोल में है। यह फिल्म एक ऐसे बैंकर की कहानी है, जो दो देशों-भारत और जर्मनी में रहते हुए एक एक्टर से एक्टिंग सीखता है।

टीवी मसाला



# नया कप्तान आया है! साकिब की वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** साकिब सलीम और सिद्धार्थ निगम की आगामी सीरीज 'कप्तान' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया है। इस क्राइम सस्पेंस सीरीज का ट्रेलर काफी दिलचस्प है, जिसने इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है। साकिब सलीम की इस सीरीज में पावर, पॉलिटिक्स और पुलिस महकमे की अंदरुनी चीजों को दिखाने की कोशिश की गई है। सीरीज में पुलिस और अपराधियों के बीच टकराव और गैंगवार को दिखाया गया है। सीरीज में साकिब सलीम खाकी वर्दी में दिखे हैं। वे एसएसपी समरदीप के किरदार में नजर आएंगे। सीरीज में लोकप्रिय सीरियल 'एफआईआर' में इंस्पेक्टर चंद्रमुखी चौटाला का रोल निभाकर तारीफ बटोरने वाली एक्ट्रेस कविता कौशिक भी अहम रोल में नजर आई हैं। इस सीरीज में भी कविता ने खाकी वर्दी पहनी है। बता दें कि 'कप्तान' सीरीज 3 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। सीरीज की कहानी ज्वालाबाद तहसील पर बेस्ड है। इस वेब सीरीज में सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अंजुम शर्मा, आरिफ जकारिया और पूजा गौर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। सीरीज के ट्रेलर में दमदार डायलॉग सुनने को मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी कहानी भी कमाल होने वाली है। क्राइम सीरीज पसंद करने वालों को यह अच्छी लगेगी।


## सुनील को मंच पर किया गया बेइज्जत



**नई दिल्ली।** अपनी बेबाकी और बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले कॉमेडियन सुनील पाल एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन, इस बार वो अपने किसी बयान की वजह से नहीं, बल्कि अपने एक वीडियो के चलते सुर्खियों में हैं। इस वीडियो में सुनील पाल को एक कार्यक्रम के मंच पर बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। वो बार-बार माइक पर बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें माइक से दूर कर दिया जाता है। वीडियो सामने आने के बाद अब लोग कॉमेडियन के इस अपमान पर नाराजगी जता रहे हैं। वीडियो एक मुशायरा-कवि सम्मेलन का मालूम पड़ता है। वीडियो में दिखता है कि सुनील पाल को पहले मंच पर बुलाया जाता है और फिर उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता देकर सम्मानित किया जाता है। इसके बाद सुनील पाल माइक पर कुछ बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें स्टेज से वापस जाने के लिए कहा जाता है। वीडियो में सुनील पाल बार-बार ये कहते सुनाई देते हैं कि 'शुक्रिया तो कहने दो।' लेकिन स्टेज पर उनके साथ मौजूद संचालक ऐसा नहीं होने देते, वो उन्हें बोलने से रोकते हुए स्टेज से जाने के लिए और बैठने के लिए कहते हैं।

# 'झूठा कहीं का' की रिलीज के पूरे हुए 47 साल, नीतू ने ऋषि को किया याद...

**मुंबई।** नीतू कपूर और ऋषि कपूर की फिल्म 'झूठा कहीं का' की रिलीज को पूरे 47 साल हो चुके हैं। इस फिल्म में नीतू और ऋषि ने एक साथ अभिनय किया था। पति ऋषि के साथ अपनी इस फिल्म को याद करते हुए नीतू ने एक इमोशनल पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। नीतू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'झूठा कहीं का' की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू कपूर और ऋषि कपूर के साथ दिख रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'झूठा कहीं का के 47 साल।' यह फिल्म 30 मार्च 1979 को रिलीज हुई थी।



## 1979 में हुई थी रिलीज

'झूठा कहीं का' 1979 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रवींद्र पीपत ने किया था और निर्माण रवि मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने तैयार किया था। गीत गुलशन बावरा ने लिखे थे। साउंडट्रैक में 'झूठा कहीं का' और 'दिल में जो मेरे समा गई' जैसे गाने शामिल हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषि कपूर, नीतू कपूर, राकेश रोशन और प्रेम चोपड़ा हैं।

## फिल्म की कहानी

'झूठा कहीं का' एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म है। इसकी कहानी अजय (ऋषि कपूर) नाम के एक लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है। अजय रेखा (नीतू) को प्रभावित करने के लिए खुद को अमीर बताने का झूठ बोलता है। फिल्म में झूठ छिपाने की कोशिशों के दौरान बहुत सारी गलतफहमियां और मजेदार स्थितियां बनती हैं। राकेश रोशन विजय की भूमिका में हैं, जो कहानी को और भी रोचक बनाते हैं। प्रेम चोपड़ा खलनायक की भूमिका में हैं।

# रणबीर ने समझाया मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ

**नई दिल्ली।** साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायण' की हर एक अपडेट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यही कारण है कि जबसे मेकर्स ने फिल्म से 2 अप्रैल को राम का लुक रिवील करने की घोषणा की है, तबसे फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इससे पहले रणबीर कपूर निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा के साथ लॉस एंजिल्स पहुंचे। यहां एक चुनिंदा आईमैक्स स्क्रीनिंग में 'रामायण' की फिल्म की एक झलक दिखाई गई। इस दौरान तीनों ने बात भी की और सवालों के जवाब भी दिए। रणबीर कपूर ने फिल्म में अपने किरदार और मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ भी समझाया। रणबीर ने भगवान राम को केवल एक पौराणिक कैरेक्टर या चेतना के रक्षक के रूप में ही नहीं, बल्कि विदेशी दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम शब्द से भी परिचित कराया, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष। रणबीर ने कहा, 'राम सदियों से और उसके बाद भी दुनिया भर के अरबों लोगों के मार्गदर्शक रहे हैं। वो हमें विपत्तियों के संदर्भ में मानवीय भावना का ज्ञान कराते हैं। वो करुणा, साहस, धर्म और क्षमा के प्रतीक हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष।' लॉस एंजिल्स में हुए इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें कुछ में जहां इवेंट के दौरान रणबीर, नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा बात करते नजर आ रहे हैं तो वहीं कई फोटोज में फैंस ने फिल्म के पोस्टर के साथ तस्वीर क्लिक कराते हुए फिल्म में दिखाई गई झलक की भी प्रशंसा की है।





## सेंसर से मिली मंजूरी

2 अप्रैल को दिखाए जाने वाली फिल्म की झलक को सेंसर बोर्ड से भी मंजूरी मिल गई है। मेकर्स का कहना है कि फिल्म से राम की झलक 2 अप्रैल को सामने आएगी। अब सीबीएफसी से मंजूरी मिलने वाले एक सर्टिफिकेट की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दिख रहा है कि 'राम' शीर्षक वाली पहली झलक को 2 मिनट 38 सेकंड की अवधि के साथ प्रमाणित किया गया है। इसे यू कैटेगरी के साथ पास किया गया है।

## दो पार्ट में रिलीज होगी रामायण

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताई जा रही है। इसे काफी भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे। जबकि सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में सनी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज की जाएगी।

## कान की दुर्लभ बीमारी की वजह से नहीं लिया नया प्रोजेक्ट

# अलका को सुनने में दिक्कत, 2 साल से नहीं गा पा रहीं गाना

## आखिरी गाना

उनकी आवाज आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में सुनी गई थी, जो 2024 में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने ए.आर. रहमान के गाने 'नरम कालजा' में गाया था। इस साल की शुरुआत में, अलका को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पहले से इस सम्मान की उम्मीद थी। इस पर उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो नहीं। जब भी यह मिले, मैं इसका स्वागत करती हूं।'

## कान की दुर्लभ बीमारी

अलका याग्निक को एक दुर्लभ कान की बीमारी है, जिसे सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस कहते हैं। इस कारण उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यह समस्या एक वायरल अटैक के कारण होती है, जिससे कान की नसें प्रभावित होती हैं। सिंगर ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पहले ही जानकारी दी थी। साथ ही लोगों को तेज आवाज वाले म्यूजिक और हेडफोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी।

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपनी हेल्थ को लेकर नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने दो साल पहले बताया था कि वो सुन नहीं पा रही हैं और उन्हें कान की बीमारी हो गई है। अब खुद अपडेट देकर बताया है कि कैसी हैं। साल 2024 में, दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपने फैंस को चौंकाते हुए खुलासा किया कि वह एक दुर्लभ कान की बीमारी से जूझ रही हैं, जिसके चलते उन्होंने कुछ समय के लिए सबसे दूरी बना ली थी। अब, अपने स्वास्थ्य के बारे में अलका ने एक नया अपडेट शेयर किया है और सिंगर ने ये भी बताया कि वह अभी भी इस समस्या से पीड़ित हैं। एक इंटरव्यू में सिंगर अलका याग्निक ने अपनी कान से जुड़ी बीमारी के बारे में अपनी लड़ाई के बारे में बताया। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगर इस बारे में बात करने से हिचकिचा रही थीं, और उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बीमारी से जूझ रही हैं। इसी बीमारी के कारण उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट नहीं लिया है।*



## अलका के हिट गाने

अलका ने भारतीय सिनेमा के कुछ बेहद हिट गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे मोहरा का टिप टिप बरसा पानी, कयामत से कयामत तक का ऐ मेरे हमसफर, हम दिल दे चुके सनम का चांद छुपा बादल में और तमाशा का अगर तुम साथ हो।

## दो साल पहले बताई थी कान की बीमारी

2024 में, अल्का ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर की कि एक 'अचानक वायरल संक्रमण' के कारण उन्हें 'एक दुर्लभ कान की बीमारी' का पता चला है। उन्होंने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों को। कुछ हफ्ते पहले, जब मैं एक फ्लाइट से बाहर निकली, तो अचानक मुझे लगा कि मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही हूं। इस घटना के बाद के हफ्तों में मैंने हिम्मत जुटाई और अब मैं अपने उन सभी दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं क्यों गायब हूं। मेरे डॉक्टरों ने इसे एक दुर्लभ सेंसोरिन्यूरल नर्व हियरिंग लॉस बताया है, जो एक वायरल संक्रमण के कारण हुआ है... इस अचानक और गंभीर समस्या ने मुझे पूरी तरह से चौंका दिया है।'

## वीसी ने 16 फरवरी को एक माह के अंदर समाधान करवाने का दिया था आश्वासन, अब तक कोई कार्रवाई नहीं


# मुरथल विवि के छात्रावास में खतरों का साया, हजारों रुपये शुल्क के बावजूद छात्र असुरक्षित माहौल में रहने को मजबूर

विद्यार्थियों का आरोप विश्वविद्यालय में लड़कों के हॉस्टल में असुरक्षित परिस्थितियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विश्वविद्यालय के छात्रावास (लड़कों के हॉस्टल) के विद्यार्थियों ने परिसर में अत्यंत खराब व असुरक्षित माहौल को लेकर चिंता जताई है। आरोप है कि विद्यार्थी यहां असुरक्षित माहौल में रहने को मजबूर है, जबकि उनसे हर वर्ष भारी शुल्क लिया जा रहा है। यही नहीं, छात्रों की हॉस्टल सिक्योरिटी भी पिछले 4 साल से लौटाई नहीं जा रही है। कुलपति ने 16 फरवरी को छात्र प्रदर्शन के दौरान एक माह के अंदर समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। विद्यार्थियों का आरोप है कि विश्वविद्यालय का हॉस्टल भवन अत्यधिक जर्जर स्थिति में है, जो किसी भी छात्र को गंभीर व खतरनाक स्थिति में पहुंचा सकते है। ऐसे माहौल में छात्रों के जीवन व सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। सभी आवश्यक सुविधाओं के अभाव के कारण रहने का वातावरण भी असुरक्षित व अनुपयुक्त हो गया है। उधर प्रत्येक छात्र से 6100 रुपये प्रतिवर्ष हॉस्टल किराया लिया जाता है। इसके अतिरिक्त अधिकांश कमरों में दो छात्र रहने को मजबूर किया जाता है। जिनसे 4050 प्रति छात्र लिया जाता है। साथ ही 14,000 रुपये ओवरहेड खर्च, 5000 रुपये बिजली बिल, 3000 रुपये हॉस्टल सुरक्षा शुल्क व 500 रुपये कर्मचारी कल्याण निधि के रूप में लिए जाते हैं। इन सभी भुगतानों के बावजूद छात्रों को उपलब्ध सुविधाएं अत्यंत अपर्याप्त हैं, जो किसी प्रकार से बुनियादी मानकों पर भी खरी नहीं उतरती हैं।





सोनीपत। मुरथल विश्वविद्यालय के छात्रावास में शौचालय का टूटा पड़ा दरवाजा व छात्रावास में खस्ताहाल लेंटर से उखड़ी पपड़ी व छात्रावास भवन की खस्ताहालत। फोटो : हरिभूमि

### अनियमितताओं के बीच वित्तीय मुद्दों को भी किया उजागर

इसके अलावा विश्वविद्यालय के छात्रों ने वित्तीय मुद्दों को भी उजागर किया है। छात्रों के अनुसार हॉस्टल खातों में करोड़ों रुपये होने के बावजूद बुनियादी ढांचे में कोई सुधार नहीं किया गया है। पिछले 4 वर्ष से छात्रों की सुरक्षा जमा राशि (सिक्योरिटी) भी वापस नहीं की गई है। साथ ही प्रशासनिक स्तर पर भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि वाइस चांसलर ने अपने चेहते रिश्तेदार को पिछले दो साल से चीफ वार्डन लगा रखा है, जो कभी भी हॉस्टल का दौरा नहीं करते हैं। इसके अलावा किसी भी मुद्दे पर अपनी स्पष्ट राय नहीं देते हैं।

### जिम्मेदार होने के बावजूद प्रभावी संचालन में लापरवाही

विद्यार्थियों का आरोप है कि छात्रावास संख्या नंबर -1 हॉस्टल वार्डन के पास सुरक्षा इंचार्ज, सहायक प्रोफेसर व वार्डन की जिम्मेदारी होने के बावजूद कार्यों का प्रभावी संचालन नहीं हो पा रहा है। जिससे प्रबंधन में स्पष्ट कमी दिखाई देती है। एक अन्य मामले में छात्रावास संख्या-4 के सुपरवाइजर को पिछले एक वर्ष से अधिक समय से छात्रावास संख्या -1 हॉस्टल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने अपने ही रिश्तेदार (भतीजे) को ब्वॉयज हॉस्टल बीएच -1 में मेस सुपरवाइजर के रूप में नियुक्त कर दिया, जो निष्पक्षता व पारदर्शिता के सिद्धांतों के विरुद्ध है, इस बारे में हॉस्टल कर्मचारी यूनियन ने आरोप भी लगाए थे।

### इन मांगों पर जल्द समाधान की गुहार

छात्रों का आरोप है कि विभिन्न समस्याओं को कई बार वार्डन, चीफ वार्डन व कुलपति के समक्ष उठाया गया है। 16 फरवरी को विरोध प्रदर्शन के दौरान कुलपति ने एक माह के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से मांग की, कि हॉस्टल भवन की तुरंत मरम्मत व रखरखाव की व्यवस्था कराई जाए। सुरक्षित व स्वच्छ रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। हॉस्टल फंड के उपयोग में पारदर्शिता लाना आवश्यक है। लंबित सुरक्षा जमा राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए। प्रशासनिक अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। आशा है कि छात्रों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा, अन्यथा वह आगामी कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे।

### इन नियमों के घोर उल्लंघन का भी आरोप

हॉस्टल की मेस एक सहकारी समिति (कोऑपरेटिव सोसाइटी) के रूप में छात्रों की ओर से संचालित होती है, लेकिन कर्मचारियों की नियुक्ति एवं पुनर्नियुक्ति बिना किसी आधिकारिक अनुमति के की जा रही है, जो नियमों का घोर उल्लंघन है। छात्रों का आरोप है कि तीसरे मामले में छात्रावास संख्या-2 हॉस्टल का मेस सुपरवाइजर कई वर्ष से बिना किसी स्थानांतरण के उसी पद पर बना हुआ है, जबकि अन्य कर्मचारियों का नियमित रूप से ट्रांसफर किया जाता है। इसके अतिरिक्त वह नियमित स्टाफ क्वार्टर में रह रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है, क्योंकि स्टाफ क्वार्टर केवल अधिकृत नियमित स्टाफ के लिए निर्धारित होते हैं।

### हॉस्टलों की मरम्मत कराई जाएगी

हॉस्टल के भवनों की मरम्मत के लिए पहले भी टेंडर निकाला गया था, लेकिन इसमें किसी भी एजेंसी ने भाग नहीं लिया। अब रीटेंडर के आदेश कर दिए गए हैं। जल्द ही इसे फाइनल कर हॉस्टलों की मरम्मत कराई जाएगी। उम्मीद है एक माह में काम पूरा हो जाएगा। छात्रों की लाइब्रेरी संबंधी समस्या को दूर कर दिया गया है। इसके अलावा मेस, मेंटनेंस आदि को लेकर छात्रों के जो भी इश्यू हैं, उनको भी दूर कराया जाएगा। इसके लिए कमेटी भी बनाई गई है। हॉस्टल के चीफ वार्डन को भी छात्रों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का आदेश दिया गया है।

- प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, कुलपति, मुरथल विश्वविद्यालय

# हवन से श्रीगणेश कर बच्चों का फूलमालाओं से होगा स्वागत

- मेगा पीटीएम में अभिभावकों का दूर किया जाएगा संशय
- बच्चों को अगली कक्षाओं में मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शिक्षा विभाग की ओर से जिलेभर के सभी राजकीय विद्यालयों में बुधवार को प्रवेश उत्सव मनाकर नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ किया जाएगा। विद्यालयों में सुबह हवन में आहुति डालकर सत्र का श्रीगणेश होगा। तत्पश्चात बच्चों का फूलमालाओं से स्वागत किया जाएगा। विभाग की ओर से उत्सव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विद्यालयों में मेगा पीटीएम आयोजित कर अभिभावकों का सरकारी शैक्षणिक योजनाओं व सुविधाओं के प्रति संशय को दूर किया जाएगा। साथ ही अभिभावकों आवश्यक परामर्श भी लिया जाएगा, ताकि नए शैक्षणिक सत्र को किस प्रकार और बेहतर किया जा सकता है। विभाग ने इस वर्ष सभी राजकीय विद्यालयों में कम से कम 10 प्रतिशत बच्चों की संख्या में इजाफा करने का लक्ष्य रखा है। फिलहाल विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निर्देश पर विभाग के अंतर्गत शिक्षकों को अभिभावकों में जागरूकता लाने की जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षक शहर सहित ग्रामीण अंचल में गली-गली जाकर अभिभावकों में राजकीय विद्यालयों में शिक्षा के प्रति जिज्ञासा को बढ़ा रहे हैं।



सोनीपत। सेक्टर-15 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय।

### रेडीनेस कार्यक्रम से पढ़ाई को बनाएंगे आसान

नए शैक्षणिक सत्र में रेडीनेस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को उनकी पुरानी कक्षा की वार्षिक परीक्षा के दौरान की गई गलतियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही गलतियों को दूर करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। सत्र के प्रथम दो सप्ताह में विद्यार्थियों को पुरानी कक्षाओं की किताबों का रिवीजन करवाया जाएगा। इसके बाद नई कक्षा की किताबों को पढ़ना आसान रहेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को खेलकूद गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा। उन्हें इंडोर या आउटडोर गेम्स करवाकर उनके प्रिय विषय या विषय के अंदर प्रिय टॉपिक संबंधित जानकारी ली जाएगा। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से नई सिख दी जाएगी। इसके बाद विद्यार्थी पुरानी किताबें बुक बैंक में जमा करवाएंगे।

### हवन के साथ प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा

सभी राजकीय विद्यालयों में 1 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होने जा रही है। विद्यालयों में हवन के साथ प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों का स्वागत, अभिभावकों के लिए मेगा पीटीएम जैसी गतिविधियां आयोजि की जाएगी। शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों में कम से कम 10 प्रतिशत विद्यार्थियों की संख्या में इजाफा करने का निर्णय लिया है। इसके लिए अभिभावकों को जागरूक भी किया जा रहा है।

- अनिल वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

# गीता विद्या मंदिर में सम्मान समारोह छात्रों के साथ शिक्षक भी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

विद्या भारती द्वारा शहर में गुढ़ा मार्ग पर संचालित गीता विद्या मंदिर में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। परीक्षाओं में अच्छे अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निवर्हन करने वाले शिक्षक और गैर शिक्षण कर्मचारी भी सम्मानित हुए। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। समारोह के मुख्य अतिथि गांव मोई हुड्डा के सरपंच पवन शर्मा और व नई अनाज मंडी के आढ़ती प्रदीप रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट तिलकराज रेहल्न, प्राचार्य अश्वनी कुमार, कोषाध्यक्ष दिनेश तनेजा व सदस्य योगेश ने अतिथियों को स्मृति-चिह्न उत्तरीय व श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके बाद कक्षा अनुसार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करके उनके उज्वल भविष्य की कामना की । इस दौरान विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अमरनाथ यती को उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी।



गोहाना। मेधावी विद्यार्थी अपने गुरुजनों व अतिथियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### एनएसएस कैंप में छात्रों ने दिखाया उत्साह

**सोनीपत।** टीकाराम शिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्पेशल डे-नाइट कैंप का समापन उत्साह के साथ किया गया। कैंप के छठे दिन की शुरुआत स्वयंसेवकों ने ध्यान, योग और जुंबा अभ्यास से की। इसके बाद वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता और एक सरप्राइज गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शैक्षणिक सत्र में डॉक्टर डेजी ने चौधरी छोटूराम और भगत सिंह के विचारों पर प्रकाश डाला। लंच के बाद डॉक्टर अलका भारती ने पॉश एक्ट 2013 पर व्याख्यान देकर विद्यार्थियों को जेंडर उत्पीड़न के प्रति जागरूक किया। शाम के सत्र में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। अंतिम दिन समापन समारोह में डीसीआरयूएसटी यूनिवर्सिटी की एसोसिएट प्रोफेसर रूपा राठी मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने डिजिटल साक्षरता पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए।



सोनीपत। हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकालते इस्कॉन प्रचार समिति के सदस्य।

### हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकाली

**सोनीपत।** इस्कॉन प्रचार समिति की ओर से मंगलवार सुबह सिक्का कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी कुरुक्षेत्र से आए इस्कॉन केंद्र से वैष्णो भक्तों के साथ मिलकर समिति सदस्यों की ओर से निकाली । मार्ग में जगह-जगह हरिनाम का गुणगान कर उनकी महिमा का बखान किया गया। समिति ने प्रभातफेरी के दौरान प्रसाद वितरण किया। हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी मनीषा के निवास पर प्रसादम के साथ संपन्न हुई। रघुकुमार दास ने बताया कि बुधवार को हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी ओल्ड डीसी रोड से प्रारंभ होकर जीवन नगर व पंचम नगर में भ्रमण करेगी। प्रभातफेरी के दौरान इस्कॉन कुरुक्षेत्र से सत्यापति दास, श्याम सुंदर, दीप नारायण दास, दिनेश, कृष्ण कृपा दास, ईश्वर चंद्र गौड़, भागवत तत्व दास, शांत नरसिंह दास, बृजेश नारद दास, सुंदर सिंह, सीए कृष्ण कुमार गर्ग, राजू, बसंत, जयप्रकाश, मास्टर विजयपाल, वंदना आदि मौजूद रहे।

### दो दिवसीय विशाल मेले का शुभारंभ

**गन्नौर।** गांव मोई माजरी स्थित बाबा जिंदा डेरे में चैत्र शुक्ल चौदस के अवसर पर दो दिवसीय विशाल मेले का शुभारंभ मठाधीष बाबा बालक नाथ की देखरेख में हुआ। मेले में प्रथम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा जिंदा नाथ की समाधि पर माथा टेककर मन्नतें मांगी। वहीं मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में गुड़, दूध, झाड़ू, कंबल चढ़ाया। मान्यता है कि बाबा जिंदानाथ पर माथा टेकने से रसौली, मच्छ और पशुओं की बीमारियां दूर होती हैं। बाबा जिंदानाथ डेरे पर आने वाले श्रद्धालुओं को धूने से भभूत, काले डोरे आरोग्य व शांति प्रदान करने के लिए आशीर्वाद स्वरूप दिए गए। मेले में आने वाले भक्तों के लिए डेरा की तरफ से आवागमन के लिए निशुल्क वाहनों की व्यवस्था की गई। इसके अलावा मेले में व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए महिला व पुरूष पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है।



गन्नौर। बाबा जिंदा समाधी स्थल पर माथा टेकने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।



सोनीपत। महावीर की जयंती के अवसर पर प्रार्थना करती अध्यापिकाएं हुई।

### भगवान महावीर मानवता के पथ प्रदर्शक : जैन

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में मंगलवार को जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने दीप प्रज्वलित कर भगवान महावीर को नमन किया। सुधीर जैन ने कहा कि भगवान महावीर ने समाज में व्याप्त बुराइयों के विरुद्ध आवाज उठाई और लोगों को बेहतर जीवन जीने का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाएं सदैव प्रासंगिक रहेंगी और हमें सही दिशा प्रदान करती रहेंगी। महावीर जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है बल्कि यह समाज में शांति, सत्य और सद्भावना के मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर भी है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि भगवान महावीर ने एक राजपरिवार में जन्म लिया था। उनके परिवार में ऐश्वर्य, धन-संपदा की कोई कमी नहीं थी।

## पुराना बस अड्डा स्थित भगवान महावीर चौक में श्रद्धांजलि समारोह

# भगवान महावीर का जीवन त्याग-तपस्या की अद्वितीय गाथा

*जियो और जीने दो का संदेश देकर मानवता का रास्ता दिखाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

मंगलवार को भगवान महावीर को उनकी जयंती पर नमन किया गया। उनकी याद में उनका श्रद्धांजलि समारोह शहर में पुराना बस अड्डा स्थित भगवान महावीर चौक में आयोजित हुआ।

मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा भगवान महावीर का जीवन त्याग, तपस्या करूणा और अहिंसा की अद्वितीय गाथा है। भगवान महावीर ने ही हमें हमें अहिंसा परमो धर्म और जियो और जीने दो का संदेश देकर मानवता का रास्ता दिखाया। उनका जन्म ईशा से 599 वर्ष पूर्व राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के यहां चैत्र शुक्ल तेरस को हुआ था।



गोहाना। भगवान महावीर का स्मरण करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

महावीर जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि आत्म मंथन और सामाजिक पुनर्निर्माण का अवसर है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल भौतिक सुख सुविधा प्राप्त करना नहीं बल्कि आत्मिक उन्नति और समाज व देश के प्रति उत्तरदायित्व निभाना भी है। जयंती समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने की। समाजसेवी हर भगवान चोपड़ा, रमेश मेहता, सुभाष शर्मा, कश्मीरी लाल बावा, श्री भगवान कलसन, जय भगवान गहलावत, अमन कुमार व अवतार सिंह उपस्थित रहे।

# महावीर को जीवन का हिस्सा बनाने व उसमें ढलने का प्रयास करें: गुप्ति

- ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई भगवान महावीर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भगवान महावीर जयंती का पर्व उपाध्याय गुप्ति सागर महाराज के सान्निध्य में धूमधाम एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन मंदिरों में सुबह भगवान की शांति धारा के बाद पालकी यात्रा एवं शोभा यात्रा निकाली । जिसमे जैन धर्मावलम्बी नाचते गाते भगवान के भक्ति गीत गाते चल रहे थे। दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 15 में चल रहे पंच कल्याणक महोत्स्व के तीसरे दिन भगवान महावीर का जन्म कल्याणम पाण्डु शिला पर मूर्ति का विधि विधान से नमन करके मनाया गया और रात्रि में भगवान को पालना झुलाने की रस्म अदा की गई। पांच दिवसीय पंच कल्याणक महोत्सव में धर्म वर्षा करते हुए उपाध्याय गुप्ति सागर महाराज ने कहा कि सफल एवं सार्थक जीवन के लिए भगवान महावीर सी गुणवत्ता जन-जन में स्थापित करने और महावीर को जीवन का हिस्सा बनाने और उसमे ढलने का प्रयास करें। कार्यक्रमों में अधिवक्ता सुरेश जैन, भूषण जैन, जय कुमार जैन, अशोक जैन, मुकेश जैन, मनीष जैन, आनंद जैन, राजकुमार जैन, राजीव जैन, राकेश जैन, चतरसेन जैन, अमित जैन, सुबोध जैन आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप

### दुकान से सामान चुराने का आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** शहर थाना की पुलिस ने दुकान से सामान व नकदी चोरी करने की घटना मे संलिप्त आरोपित शहर में श्रीराम कालोनी के सोनू को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। शनिवार को शहर निवासी राजेश ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी गुढ़ा रोड स्थित फोटोग्राफर की दुकान में चोरी की गई। चोर ताले तोड़ कर दुकान से 20 हजार रुपये, कैमरा, पेनड्राइव व अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। उसके साथ लगती दुकान से पंखों की छह मोटर चोरी की गई थी। पुलिस ने आरोपित सोनू को गिरफ्तार किया। उससे कैमरा, 20 पेनड्राइव और अन्य सामान बरामद किया।

### दो अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी, केस

**गन्नौर।** क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह फिर सक्रीय हो गया है। अलग-अलग मामलों में दो लोगों की बाइक चोरी होने की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी गई है। पहले मामले में राजपुर निवासी सुरेश देवी ने शिकायत में बताया कि 27 मार्च की शाम वह बीएसटी गन्नौर पर थे। इसी दौरान उनकी हीरो स्प्लेंडर प्लस अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। वहीं दूसरे मामले में गन्नौर मंडी निवासी प्रवीन ने थाना गन्नौर में दी शिकायत में बताया कि वह ढिगड़ा मार्केट में टेलर का काम करता है। 29 मार्च को वह अपनी प्लेटीना को रोजाना की तरह दुकानदार देवी राम के सामने खड़ी कर काम पर गया था। शाम को लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली।

## जिले में गेहूं की खरीद की प्रक्रिया आज हो सकती है शुरू

# मंडियों व खरीद केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाने में जुटे अधिकारी

जिले में चार मंडियों, एक साइलो के अलावा 15 केंद्रों पर होगी गेहूं की खरीद, कई स्थानों पर गेहूं कटाई का दौर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रबी खरीद सीजन में जिलाभर की मंडियों व खरीद केंद्रों पर 1 अप्रैल से गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इस वर्ष किसानों की गेहूं की फसल के लिए 20 खरीद केंद्र बनाए गए हैं। इस बार केवल किसान ही नहीं, बल्कि उसके तीन प्रतिनिधि भी मंडी में फसल बेच सकेंगे। ऐसे में किसान व उसके प्रतिनिधियों के लिए खासकर बायोमैट्रिक प्रणाली का प्रबंध किया गया है। हालांकि अधिकतर केंद्रों पर अब तक बिजली, पानी, शौचालय व सड़क दुरुस्त संबंधी पूरे प्रबंध नहीं कराए गए हैं।

खेतों में रबी सीजन की फसल पककर तैयार हैं। कई स्थानों पर गेहूं की कटाई का दौर शुरू हो चुका है, लेकिन खरीद केंद्रों अब तक प्रबंधों को पूरा नहीं किया गया है। फिलहाल सोनीपत अनाज मंडी में सड़क निर्माण के साथ सफाई का कार्य मंगलवार को शुरू करवाया गया है, जबकि बुधवार से जिले की चार मंडियों, एक साइलो के अलावा 15 खरीद केंद्रों में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू करवाने के निर्देश दिए गए हैं। रोहतक रोड पर वर्ष 2000 में नई अनाज मंडी का निर्माण करवाया गया था। हर वर्ष मंडी से टैक्स के रूप में करोड़ों रुपये मार्केट कमेटी में जमा होते हैं। मार्केट कमेटी के अनुसार हर साल 13 लाख मीट्रिक टन अनाज की आवक होती है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से करीब 4 करोड़ रुपये से मंडी का कायाकल्प किया जा रहा है। 22 जनवरी के बाद मंडी में शेड बदला जा चुका है। अब सड़क व चाहरदीवारी का निर्माण जारी है।



सोनीपत। नई अनाज मंडी में सरसों की फसल की बोली करवाते मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन संजय वर्मा। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। ग्रामीण अंचल में पकी गेहूं फसल की कटाई करते किसान।

### मार्केट रेट पर बिक रही सरसों की फसल

सरसों की कटाई प्रक्रिया शुरू होने के बाद मंडियों में आवक जारी है। इस बार गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, वहीं सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य इस बार 6200 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। हालांकि अब तक सरकारी खरीद प्रक्रिया शुरू न होने की वजह से किसानों को मार्केट रेट पर ही सरसों बेचनी पड़ रही है। सरकार ने गेहूं व सरसों की सरकारी खरीद के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण को अनिवार्य किया हुआ है। ऐसे में जिन किसानों का पंजीकरण नहीं हुआ है, ऐसे किसानों को गेट पास जारी नहीं किया जाएगा।

### कौन-सी एजेंसी, किस मंडी व केंद्र पर करेगी खरीद

**हैफेड :** बरोदा, भैंसवाल, बिचपड़ी, कासंडी, मुडलाना, नाहरा में रोजाना गेहूं की खरीद करेगी। फरमाणा में मंगलवार व वीरवार, गन्नौर में मंगलवार, वीरवार व शनिवार, सोनीपत व गोहाना मंडी में सोमवार, बुधवार व शुक्रवार, मुरथल में मंगलवार, वीरवार, शुक्रवार, शनिवार में गेहूं की खरीद होगी। **खाद्य आपूर्ति विभाग :** खरखौदा अनाज मंडी, दातौली व सनपेड़ा में रोजाना गेहूं की खरीद करेगी। मुरथल व फरमाणा में सोमवार व बुधवार, गोहाना में शनिवार व गन्नौर मंडी में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को गेहूं की खरीद होगी। **भारतीय खाद्य निगम :** मोहाना, हुल्लाहेड़ी व साइलो मोहाना में गेहूं की खरीद करेगी। **एचडब्ल्यूसी :** खानपुर कलां, पुगथला व पुरखास में रोजाना गेहूं की खरीद करेगी। वहीं फरमाणा में शुक्रवार व शनिवार, गोहाना मंडी में मंगलवार व वीरवार, सोनीपत मंडी में मंगलवार, वीरवार, शनिवार को गेहूं की खरीद होगी।

### अस्थायी कनेक्शन के लिए दिया आवेदन

खरीद केंद्रों पर सुचारू बिजली व्यवस्था के लिए बिजली निगम को अस्थायी कनेक्शन के लिए आवेदन किया गया है। सोनीपत अनाज मंडी में सड़कों का पुनर्निर्माण करवाकर इन्हें दुरुस्त करवाया जा रहा है। संबंधित खरीद केंद्रों पर भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाई जा रही है। फिलहाल गेहूं की फसल आने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इससे पहले सभी जगह तैयारियां को पूरा करवाया जा रहा है, ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। **-जितेंद्र कुमार, सचिव, मार्केट कमेटी, सोनीपत**



गोहाना। मेधावी विद्यार्थियों को साइकिल भेंट करके सम्मानित करते शिक्षक।

### वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्राप्त मेधावी अलंकृत

**गोहाना।** गांव बिचपड़ी स्थित सरस्वती विद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में कक्षा पहली से कक्षा 11वीं तक के वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता एमडी सुभाष गोयल ने की। संयुक्त संयोजन प्राचार्य आशीष गोयल और उप प्राचार्या रितिका गर्ग ने किया। मुख्य अतिथि करनाल से आईजीपी आईपीएस ओमप्रकाश नरवाल ने बेटियों को शिक्षित बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक बेटी को शिक्षित बनाने से उसका मायका और ससुराल दो घर शिक्षा के प्रकाश से रोशन होते हैं। अगर में शिक्षित समाज का निर्माण करना है तो हमें अपनी बेटियों को पढ़ाना होगा। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि आईजीपी ओमप्रकाश नरवाल के पुत्र अमित नरवाल, सूर्योदय विद्यालय आहुलाना के प्राचार्य सूरज प्रकाश, विकास उच्च विद्यालय बरोदा के प्राचार्य वीरेंद्र खासा और स्वामी विवेकानंद विद्यालय के प्राचार्य अनिल सैनी रहे। समारोह में वार्षिक परीक्षाओं में पहले तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमशः साइकिल, स्माटवॉच और बैग देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति से खूब समां बांधते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।



### अयोध्या राम मंदिर के दर्शन कर लौटे भक्तों का स्वागत

**सोनीपत।** अयोध्या स्थित राम मंदिर के पावन दर्शन कर लौटे तीर्थ यात्रियों का सोनीपत रेलवे स्टेशन पर पूर्व मेयर राजीव जैन ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ अभिनंदन किया। राजीव जैन ने तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के दर्शन करना हर सनातनी के लिए जीवन का एक अत्यंत पवित्र और सौभाग्यपूर्ण क्षण होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित तीर्थ यात्रा योजना के माध्यम से आमजन को इस प्रकार के पावन स्थलों के दर्शन कराने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। इससे समाज में धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूती मिल रही है। तीर्थ यात्रियों में राजकुमार, राम नारायण, जयकिशन, मेहन्द्र, रमेश, सुनीता, कृष्णा, सुशीला, संतोष, पुष्पा, चंद्रो ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया।

## वार्षिकोत्सव में विधायक ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

तेवड़ी-बजाना स्थित निजी स्कूल का वार्षिक उत्सव समारोह मंगलवार को हर्षोल्लास और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए नाटक ने सबका ध्यान खींचा, जिसके माध्यम से उन्होंने वर्तमान पीढ़ी को मोबाइल फोन के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया और सुरक्षित जीवन जीने का संदेश दिया। अभिभावकों ने बच्चों की इस रचनात्मक प्रस्तुति की जमकर सराहना की। विधायक देवेंद्र कादियान ने मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा केवल डिग्री या शैक्षिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें बच्चों में नैतिक मूल्यों, आलोचनात्मक सोच और सहनशक्ति का संचार करना होगा ताकि वे देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कादियान ने कहा कि एक बच्चे को बेहतर इंसान बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों और शिक्षकों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान का कार्यक्रम में स्वागत करते हुए ग्रामीण।



सोनीपत। श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर में श्रीकृष्ण लीला का मंचन करते वृंदावन के कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### कालिया नाग के फनों पर गिरधर ने किया नृत्य, नटखट लीलाओं से भव्य हुआ मंचन

**सोनीपत।** हलवाई हट्टा स्थित श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर परिसर में चल रहे मंदिर के वार्षिकोत्सव एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव का मंगलवार को चौथे दिन रहा। कार्यक्रम में वृंदावन से आए कलाकारों ने सौरभ द्विवेदी के निर्देशन में आयोजित भगवान श्रीकृष्ण लीला के दौरान बाल लीलाओं का मंचन किया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की गेंद यमुना में गिरने, श्री कृष्ण के गेंद लेने के लिए यमुना में कूदने, कालिया नाग से युद्ध, कालिया नाग के फनों पर नृत्य करने, श्री कृष्ण के आदेश पर कालिया नाग के सपरिवार यमुना छोड़ने व श्री कृष्ण की माखन चोरी की नटखट लीलाओं का भव्य मंचन किया। इस दौरान श्रीदेवी जी चिटाने वाली माता, बड़ा जैन मंदिर, व श्री मेंहदीपुर बालाजी सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने श्री राधा-कृष्ण की आरती में भाग लिया। इस दौरान मंदिर सेवा समिति के प्रधान अमित कुच्छल, महासचिव राजकुमार गोयल, कोषाध्यक्ष महेंद्र मंगला, कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र मंगला, महेंद्र वर्मा आदि रहे।

## समाज में सकारात्मक ऊर्जा लाते हैं धार्मिक आयोजन : अरुण बंसल

- जैन धार्मिक महोत्सव और पंचकल्याणक कार्यक्रम में शिवा शिक्षा सदन के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-15 में आयोजित श्री 1008 आदिनाथ जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महोत्सव में समाजसेवी अरुण बंसल ने भी श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। 28 मार्च से 2 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम में अरुण बंसल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा लाते हैं और लोगों को नैतिक मूल्यों की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने जैन धर्म के अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह जैसे सिद्धांतों को आज के समय में बेहद जरूरी बताया और कहा कि इनसे समाज में शांति और सद्भाव बढ़ता है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। इसी क्रम में महावीर जयंती के अवसर पर हुड्डा ग्राउंड में चल रहे पंचकल्याणक कार्यक्रम में शिवा शिक्षा सदन के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नृत्य, भक्ति प्रस्तुतियां, नाट्य मंचन, संगीत और योग के माध्यम से भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों को प्रस्तुत किया गया।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें समाजसेवी अरुण बंसल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

### सांपला मार्ग पर शिविर में 22 ने किया रक्तदान

**खरखौदा।** संत कालिदास और हरिओम महाराज के सानिध्य में खरखौदा में सांपला मार्ग पर नवनिर्मित होटल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए हवन-यज्ञ, देसी घी का भंडारा, रक्तदान शिविर तथा रागनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद आयोजित भंडारे में देसी घी से बने स्वादिष्ट व्यंजनों को श्रद्धालुओं व शहरवासियों ने प्रसाद रूप में ग्रहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक कलाकारों ने उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर आयोजित शिविर में 22 ने रक्तदान किया।



रक्तदाता को प्रोत्साहित करते शिविर आयोजक।

## प्रताप स्कूल ने जीते इंडिया वुशु में 3 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खेलो इंडिया हरियाणा महिला अस्मिता वुशु लीग में प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा की खिलाड़ी गरिमा ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। वहीं ज्योति ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक और अन्नू ने 56 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय पहुंचने पर इन सभी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी एवं स्पोर्ट्स डायरेक्टर प्रताप स्कूल ओम प्रकाश दहिया, विद्यालय की प्राचार्या दया दहिया, कोच विनोद गुलिया तथा दीवेश कटारिया सहित ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि हमारे वुशु खिलाड़ियों ने अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 28 पदक और राष्ट्रीय स्तर पर 261 पदक जीतकर देश और हरियाणा प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। प्राचार्या दया दहिया ने बताया कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी सिखाता है।



खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन। फोटो : हरिभूमि



गन्नौर। बादशाही रोड पर बना गहरा गड्ढा। फोटो : हरिभूमि

### वाहन चालकों के लिए बादशाही रोड पर बना गहरा गड्ढा, बढ़ रहा दुर्घटनाओं का खतरा

**गन्नौर।** शहर की बादशाही रोड पर सड़क के बीच बना गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। लंबे समय से पड़े इस गड्ढे के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के बीचों-बीच बने इस गड्ढे से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। खासकर रात के समय जब रोशनी कम होती है, तो वाहन चालकों को गड्ढा दिखाई नहीं देता और हादसे का अंदेशा बना रहता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक असंतुलित होकर गिर चुके हैं, जिससे उन्हें चोटें भी आई हैं। हादसे से बचने के लिए प्रशासन द्वारा मौके पर किसी प्रकार का चेतावनी बोर्ड या संकेत भी नहीं लगाया गया है। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को मिलेगा सम्मान

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन ने जनहित और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए "स्वर्णप्रस्थ गौरव सम्मान" शुरू करने का निर्णय लिया है। इस सम्मान के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, रक्तदान, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान, खेल और प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को चुना जाएगा।

### सुंदरकांड पाठ व भंडारा दो अप्रैल को होगा

**सोनीपत।** मॉडल टाउन स्थित मित्तल नर्सिंग होम के सामने हनुमान मंदिर, गीता भवन में 2 अप्रैल 2026 को श्री हनुमान उत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे सुंदरकांड का पाठ शुरू होगा। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है।

## खिलाड़ियों को तराशने के लिए जिले में 40 सरकारी खेल नर्सरियां शुरू

# प्रत्येक नर्सरी में 25 खिलाड़ियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

निजी खेल नर्सरी के लिए खेल विभाग को प्राप्त हुए 271 आवेदन, जांच व निरीक्षण के आधार पर मिलेगी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशने व उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए जिले में 1 अप्रैल से सरकारी खेल नर्सरियों का शुभारंभ किया जाएगा। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग जिलाभर में 40 सरकारी नर्सरियां शुरू करने का निर्णय लिया है। प्रत्येक नर्सरी में 25 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। खेल विभाग की ओर से 10 दिन पहले खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई है। उधर विभाग को निजी नर्सरी के लिए 271 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदनों की जांच प्रक्रिया व निजी नर्सरियों का निरीक्षण करने के पश्चात विभाग की ओर से इन्हें मंजूरी प्रदान की जाएगी। बता दें कि सरकार की ओर से जिले में ही खिलाड़ियों को सुविधाजनक अभ्यास की व्यवस्था कराने के लिए खेल नर्सरी योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत केवल ओलंपिक, एशियन एवं कॉमनवेल्थ खेलों में सम्मिलित चयनित खेलों के लिए ही सरकारी खेल नर्सरियां स्थापित की जाएंगी। योजना का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें प्रारंभिक स्तर से ही गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, बेहतर खेल सुविधाएं एवं अनुकूल वातावरण मुहैया करवाना है। प्रत्येक खेल नर्सरी में कम से कम 20 व ज्यादा से ज्यादा 25 खिलाड़ी का प्रशिक्षित किए जाने का प्रावधान रखा गया है। साथ ही चयनित खिलाड़ियों को रोजाना सुबह दो घंटे व शाम को तीन घंटे अभ्यास करवाया जाएगा। इन खिलाड़ियों की आयु 8 से 19 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। अधिकारियों की मानें तो योजना के तहत नर्सरी में खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास व रहने की सुविधा प्रदान की जाती हैं। प्रत्येक नर्सरी में 25-25 खिलाड़ियों को उनकी खेल प्रतिभा को देखते हुए भर्ती किया जाता हैं। प्रदेश सरकार की ओर से 8 से 14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिमाह 1500 रुपये व 15 से 19 आयु वर्ग को 2000 रुपये प्रति माह खुराक भत्ता भी प्रदान किया जाता है।

### 31 जनवरी को कार्यकाल हो गया था पूर्ण

अधिकारियों की मानें तो पहले से चल रही खेल नर्सरियों का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो गया था। इसके बाद फरवरी व मार्च माह में होने वाली परीक्षाओं को लेकर नर्सरियों का पुनः संचालन नहीं किया गया था, ताकि खिलाड़ियों की पढ़ाई भी बाधित न हो। ऐसे में सरकार ने नर्सरियों का अप्रैल माह में पुनः सुचारू रूप से संचालन का निर्णय लिया है। इच्छुक संस्था, अकादमी या विद्यालयों ने निजी नर्सरी के लिए खेल विभाग की वेबसाइट पर 217 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जल्द ही उनका आवंटन किया जाएगा।

### चयन प्रक्रिया पूरी

खेल विभाग ने जिला में सरकारी खेल नर्सरियों का 1 अप्रैल बुधवार से दोबारा संचालन करने का निर्णय लिया है। नर्सरियों में प्रशिक्षण के लिए खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया 10 दिन पहले पूरी कर ली गई थी। निजी खेल नर्सरी खोलने के लिए अब तक 271 आवेदन प्राप्त हुए है। जांच प्रक्रिया के बाद जल्द ही इन्हें आवंटन किया जाएगा। **-मनोज कुमार, जिला खेल अधिकारी, सोनीपत**